# बीती बातों को विदाई देकर अपना जीवन बनाएं खुशहाल

## ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा गैरिसन ग्राउंड सदर में आयोजित 'हैप्पीनेस अनलिमिटेड' प्रोग्राम को ब्र.कु. शिवानी बहन ने किया सम्बोधित



**जबलपुर-कटंगा कॉलोनी(म.प्र.)।** बीती बातों को भूल जाएं और हर दिन को एक नये उमंग और ताज़गी के साथ जिएं। जब परिस्थितियां प्रतिकूल हों तो मन को नियंत्रित रखें, फिर सब अच्छा होगा। उक्त विचार अंतर्राष्ट्रीय प्रेरक वक्ता एवं जीवन प्रबंधन विशेषज्ञा ब्र.कु. शिवानी दीदी ने ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा गैरिसन ग्राउंड सदर में आयोजित 'हैप्पीनेस अनलिमिटेड' कार्यक्रम में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि हर किसी को दिल से दुआएं दें, हर किसी को क्षमा करें, बीती बातों को विदाई दें, तो जीवन अपने आप खुशहाल हो जाएगा।

**ज़्यादा चिंतन ख़ुशी को कम करता है...**

शिवानी बहन ने कहा कि हम जैसी प्रतिक्रिया करते हैं, हमारा आगे आने वाला जीवन उसी पर निर्भर करता है। हमें यह याद रखना चाहिए कि जिस व्यक्ति के प्रति हमें घृणा की अनुभूति होती है, उसी व्यक्ति के सम्बंध में हम दिन में सबसे ज़्यादा चिंतन करते हैं, जो हमारी खुशी को कम करता है। उन्होंने कहा कि राजयोग को अपनाकर जीवन की हर परिस्थिति में आनंद का अनुभव किया जा सकता है।

कार्यक्रम में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, यामिनी सिंह, विधायक अशोक रोहाणी, मनीषा रोहाणी, ननि अध्यक्ष रिकुंज विज, समाजसेवी डॉ. कैलाश गुप्ता, नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, ब्र.कु. विकास समेत भारतीय सेना के जवान और अफसरों की उपस्थिति रही। ब्रह्माकुमारीज़ इंदौर ज़ोन की निदेशिका ब्र.कु. हेमलता दीदी, स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. विमला दीदी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन ब्र.कु. बाला बहन ने किया।

## डॉक्टर्स के लिए मानस भवन में 'माइंड-बॉडी-मेडिसिन' कॉन्फ्रेन्स

### स्वस्थ समाज बनाने वाले 'चिकित्सक' बनें

चिकित्सकों को हेल्थ का ब्रांड एम्बेसडर बनने की ज़रूरत है। यह एक ऐसा प्रोफेशन है, जहां प्रेशर तो हो सकता है, लेकिन स्ट्रेस के लिए जगह नहीं है। डॉक्टर्स अगर खुश रहेंगे तो हेल्दी समाज का निर्माण होगा। आपको इमोशनल हेल्थ का डॉक्टर भी बनना होगा, साथ ही स्वयं हेल्दी लाइफ स्टाइल का एग्ज़ाम्पल सेट करना चाहिए। डॉक्टर्स सिर्फ बीमारी का इलाज करने वाले डॉक्टर न बनें, बल्कि समाज से बीमारी को खत्म करना होगा। उक्त विचार जीवन प्रबंधन विशेषज्ञा ब्र.कु. शिवानी दीदी ने मानस भवन में व्यक्त किये। वे ब्रह्माकुमारीज़ जबलपुर की मेडिकल विंग एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एमपी स्टेट द्वारा आयोजित 'माइंड-बॉडी-मेडिसिन' कॉन्फ्रेन्स में चिकित्सकों को सम्बोधित कर रही थीं।

### 'नशा मुक्त भारत अभियान' की भव्य शुरुआत

कॉन्फ्रेन्स में भारत सरकार और ब्रह्माकुमारीज़ के सौजन्य से चल रहे 'नशा मुक्त भारत अभियान' का शहर में शुभारंभ भी हुआ। समारोह में मेडिकल विंग के सेक्रेट्री डॉ. बनारसी लाल शाह, डॉ. मोहित गुप्ता, डॉ. ब्रजेश सिंघल, ब्र.कु. हेमा बहन, ब्र.कु. आशा बहन, ब्र.कु. ऊषा बहन व ब्र.कु. शक्ति बहन शामिल हुईं। नशा मुक्ति कलश ब्र.कु. भूमि बहन एवं ध्वज डॉ. श्याम रावत को प्रदान किया गया। मंच पर म.प्र. मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. अशोक खंडेलवाल, आईएमए स्टेट प्रेसीडेंट डॉ. आर.के. पाठक, सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा, मेडिकल डीन डॉ. गीता गुईन उपस्थित रहे। समारोह में 'दिव्य गर्भ गीता' पुस्तक का विमोचन भी हुआ। आयोजन में बड़ी संख्या में शहर के चिकित्सक शामिल हुए।

# ब्रह्माकुमारियों ने लिया प्राकृतिक यौगिक खेती प्रशिक्षण



**'गॉडली पैलेस' में त्रिदिवसीय शाश्वत यौगिक खेती का राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण कार्यक्रम**

**भारत भर से आईं सैकड़ों ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा प्रशिक्षण ले प्रदूषित खेती को शुद्ध बनाने का प्रयास सराहनीय**

**महेसाणा-गुज.।** ब्रह्माकुमारी बहनों के लिए 'गॉडली पैलेस' ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेन्द्र में आयोजित त्रिदिवसीय शाश्वत यौगिक खेती के राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण के उद्घाटन अवसर पर अपने विचार रखते हुए आत्मा प्रोजेक्ट,महेसाणा के डायरेक्टर भरत भाई पटेल ने कहा कि ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा किसानों को भूमि संतुलन करने की पद्धति सिखाई जाए जिससे भूमि शुद्ध बने। खेती में प्राकृतिक चीज़ों का इस्तेमाल कर हम भूमि को बचा सकते हैं। रासायनिक खाद के द्वारा उगाए गए अन्न से बीमारियों की वृद्धि भी हो रही है। शुद्ध अन्न होगा तो दवाइयों का खर्चा भी कम हो जायेगा। महेसाणा के अर्बन बैंक के जनरल मैनेजर प्रकाश भाई पटेल ने कहा कि आप बहनें शुद्ध अन्न पैदा करने का एक अच्छा संकल्प लेकर समाज में जा रही हैं। सही अर्थ में यह प्रशासन का कार्य है परंतु आप यह महान कार्य कर रहे हैं। इस महान कार्य द्वारा समाज में परिवर्तन अवश्य होगा। माउण्ट आबू से कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग के उपाध्यक्ष राजयोगी ब्र.कु. राजू भाई ने कहा कि वर्तमान समय शुद्ध अन्न पैदा करने के लिए यह प्रशिक्षण आवश्यक है। ब्रह्माकुमारी बहनों के पास दो शक्तियां हैं। एक है पवित्रता का बल, दूसरा है योग बल। इन दोनों शक्तियों द्वारा असंभव कार्य को भी संभव कर सकते हैं। प्रभाग की अध्यक्षा, ब्रह्माकुमारीज़ के महेसाणा उपक्षेत्र की संचालिका एवं प्रशिक्षण आयोजिका राजयोगिनी ब्र.कु. सरला दीदी ने पूरे देश से इस प्रशिक्षण में भाग लेने आईं बहनों को बधाई देते हुए कहा कि भौतिक एवं पराभौतिक सत्ता के समन्वय द्वारा सात्विक एवं पौष्टिक अन्न पैदा करना, यही शाश्वत यौगिक खेती है। गोधरा से आईं प्रभाग की गुजरात ज़ोन संयोजिका राजयोगिनी ब्र.कु. सुरेखा बहन, प्रभाग के कार्यकारी सदस्य एवं फार्म ब्रीज फाउण्डेशन गुजरात के डायरेक्टर ब्र.कु. राजेश दवे ने भी शुभकामनाएं दीं।

**त्रिदिवसीय प्रशिक्षण में शाश्वत यौगिक खेती की पद्धति, मिश्रित फसल एवं फसल सुरक्षा, यौगिक गृह वाटिका आदि विषयों पर भारत भर से आये विभिन्न वक्ताओं जैसे कि शाश्वत यौगिक खेती के प्रणेता एवं प्रगतिशील किसान बाला सौ रूगे,इचलकरंजी, शाश्वत यौगिक खेती की प्रेरक ब्र.कु. मनीषा बहन,शिरोल, फार्म ब्रीज फाउण्डेशन,गुजरात के डायरेक्टर ब्र.कु. राजेश दवे, गोल्डन एरा ईको सर्विसेज़(इंटरनेशनल रीजनेरेशन सर्विस फर्म) के फाउंडर एवं सीईओ ब्र.कु. प्रियंका बहन,आबूरोड, इफको कोरडेट कलोल के ट्रेनिंग ऑफिसर एवं पी एंड ए ब्र.कु. जिग्नेश आदि द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।**

# डॉक्टर्स डे एवं सी.ए. डे के उपलक्ष्य में भव्य सम्मान समारोह

**धमतरी-छ.ग.।** ब्रह्माकुमारीज़ के तत्वाधान में एवं समाजसेवी राजेश शर्मा के सहयोग से डॉक्टर्स डे एवं सी.ए. डे के उपलक्ष्य में राधाकृष्ण हॉल महालक्ष्मी ग्रीन में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में मुख्य वक्ता डॉ. दिलीप नलगे,हेल्थ काउंसलर मुम्बई ने उपस्थित चिकित्सक, सीए तथा बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान दौर में तनाव मनुष्य जीवन का अविभाज्य अंग बनता जा रहा है। चिंता, क्रोध, डर आदि नकारात्मक भावनाओं की वजह से बीमारियां भी बढ़ती जा रही हैं। ऐसे समय में डॉक्टर्स को भी अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना बहुत आवश्यक हो गया है। सही आहार, योग्य व्यायाम, संतुलित दिनचर्या तथा विपरीत परिस्थिति में भी शांत मन रखने की कला सीखना हर व्यक्ति के बहुत ज़रूरी है। और मन को शक्तिशाली एवं स्थिर रखने के लिए राजयोग मेडिटेशन एक बहुत अच्छा साधन है। समाजसेवी राजेश शर्मा ने सभी का स्वागत, सम्मान एवं धन्यवाद करते हुए कहा कि समाज को स्वस्थ रखने में डॉक्टर्स का अहम् योगदान है। राजयोगिनी ब्र.कु. सरिता दीदी ने सभी डॉक्टर्स एवं सीएज़ को आशीर्वचन देकर उनके लम्बे एवं स्वस्थ जीवन की कामना की तथा सभी का स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम संचालन ब्र.कु. प्राजक्ता ने किया। समारोह में डॉ. प्रभात गुप्ता,एम.एस. सर्जन गुप्ता हॉस्पिटल, राजेन्द्र शर्मा,पूर्व सभापति नगर निगम धमतरी, भुनेश्वर सिन्हा,नवनिर्वाचित बार एसोसिएशन अध्यक्ष, बहन वीथिका विश्वास,महामंत्री बीजेपी आदि शामिल रहे।



RNI NO RAJHIN/2000/00721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/21-23, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2021-23, Posting on 12th TO 14th and 22nd TO 24th each month, published on 3rd Aug, 2023
स्वामी - राजयोगा एजुकेशन रिसर्च फाउण्डेशन, प्रकाशक, सम्पादक एवं मुद्रक- गंगाधर नरसिंघानी द्वारा कैपिटल ऑफसेट, L 801-I, Sector-28, GIDC Gandhinagar(Guj.) से मुद्रित एवं ओमशान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़,शांतिवन-राज. से प्रकाशित।
कार्यालय - ओमशान्ति मीडिया
ब्रह्माकुमारीज़, शांतिवन,- 307510
See Latest News
www.omshantimedia.org